e-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका सं0– 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) शेखपुरा– 21/2022 2820 पटना, दिनांकः 20/04/2023

आदेश

दिनांक 14.12.2022 को निदेशालय मुख्यालय स्तर से बन्दोबस्त कार्यालय, शेखपुरा के अन्तर्गत शिविर शेखोपुरसराय–01 का जूम बैठक के माध्यम से समीक्षा की गयी। समीक्षोपरान्त पाया गया कि श्री विकास पासवान (Emp.ID-SKN00843), विशेष सर्वेक्षण कानूनगो को आवंटित शिविर का प्रदर्शन अपेक्षाकृत प्रगति संतोषजनक नहीं है। इस आलोक में श्री पासवान से कार्य के प्रति लापरवाही एवं शिथिलता बरतने के आरोप में स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। संबंधित कर्मी द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है।

प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी। समीक्षोंपरान्त पाया गया कि इनके स्पष्टीकरण में उठाये गए तथ्य स्वीकार योग्य नहीं है। फरवरी 2023 एवं मार्च 2023 को भी पुनः जूम बैठक में इनके शिविर का सर्वेक्षण कार्य की प्रगति निम्न प्रकार है :–

क्र0	मुख्यालय स्तर से की गई माहवार समीक्षा विवरणी	खानापुरी	प्रपत्र–06	एल0पी0एम0	प्रारूप प्रकाशन	अंतिम प्रकाशन
1	2	3	4	5	6	7
1	फरवरी 2023	13	12	12	10	05
2	मार्च 2023	13	13	13	11	09
	सर्वेक्षण कार्य की प्रगति	**0**	**01**	**01**	**01**	**04**

उपरोक्त सर्वेक्षण कार्य विवरणी की प्रगति से स्पष्ट होता है कि इनका कार्य संतोषजनक नही है। उक्त से परिलक्षित होता है कि इनके द्वारा सर्वेक्षण कार्य में शिथिलता बरती जा रही है। कार्य की प्रगति सुस्त रहने से सरकार को राजस्व का भी नुकसान होता है।

अतः कार्य में शिथिलता बरतने के आरोप में एवं भविष्य में सर्वेक्षण कार्य में सुधार लाने के दृष्टिगत श्री विकास पासवान (Emp.ID- SKN00843), विशेष सर्वेक्षण कानूनगो का तत्काल 15 (पन्द्रह) दिनों का मानदेय कटौती की जाती है।

साथ ही भविष्य के लिए चेतावनी दी जाती है कि यदि इसकी पुनरावृत्ति होती है तो नियमानुकूल कार्रवाई की जायेगी।

(जय सिंह) 20/4/23
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) शेखपुरा– 21/2022 2820 पटना, दिनांक : 20/04/2023

प्रतिलिपि :– श्री विकास पासवान (Emp.ID-SKN00843), विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, बन्दोबस्त कार्यालय, शेखपुरा को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

कृ0पृ0उ0

D:\Jyoti-2023\Bablu Sir\Order\Director\21-2022 18-04-2023.doc

ज्ञापांक– 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) शेखपुरा– 21/2022 2820 **पटना, दिनांक** 20/04/2023

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बन्दोबस्त कार्यालय, शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) शेखपुरा– 21/2022 2820 **पटना, दिनांक** :20/04/2023

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेश दिया जाता है कि इसकी स्कैन कॉपी R2R के अन्तर्गत संधारित व्यक्तिगत संचिका में संधारित करें।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Jyoti-2023\Bablu Sir\Order\Director\21-2022 18-04-2023.doc